राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर राज्यपाल श्री मिश्र की शुभकामनाएं

जयपुर, 17 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन पर बधाई और शुभकामनाएं देते उनके स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की है।

श्री मिश्र ने अपने बधाई संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में नवीन सांस्कृतिक परम्पराओं का ही सूत्रपात नहीं हुआ है बल्कि विश्व भर में भारत की विशिष्ट पहचान बनी है। श्री मिश्र ने सनातन भारतीय संस्कृति के आदर्श जीवन मूल्यों के साथ सशक्त, सम्पन्न और गौरवमय भारत के नव निर्माण के लिए किये उनके कार्यों की सराहना भी की।